## एक नजर में

### दिशा मीटिंग 17 जुलाई को

**बैतूल।** केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय व सांसद श्री दुर्गादास उइके की अध्यक्षता में 17 जुलाई को दोपहर 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी विभागीय अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### पौधे लगाकर नशा मुक्ति की शपथ ली

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पौधे लगाकर नशा मुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में, जिला संगठन डॉ सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.शंकर सतनकर, श्रीमती गीता माली और स्वयंसेवकों की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में 51 पेड़ लगाए और साथ ही महाविद्यालय कि प्राचार्य द्वारा नशा मुक्ति पर शपथ ग्रहण कराई गई। इस मौके पर प्रो.शंकर सतनकर ने बताया कि युवा पीढ़ी को मेहनत का नशा करना चाहिए यह सबसे सर्वोत्तम है। किसी भी प्रकार का नशा स्वास्थ्य और परिवार के लिए बहुत हानिकारक होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे वरिष्ठ स्वयंसेवक अंजली नागोरे,आयुष नागोरे, इश्तियाक अली, नितिन पवार, कामनी खवसे, कीर्ति अडलक, कशिश धाडसे, खुशी पारखे, भूमिका देशमुख आदि 30 स्वयंसेवक का सराहनीय योगदान रहा।

### कुनबी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 20 को

**बैतूल।** जिला क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभा सम्मान समारोह के संयोजक रविशंकर पारखे ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह 20 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे से शिवाजी सांस्कृतिक भवन, सदर, बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं अन्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। प्रतिभा सम्मान समारोह समिति के अध्यक्ष पी.आर. धोटे एवं कुनबी समाज के जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकरे ने प्रतिभागियों से नवीन मेडिकल स्टोर, कोठी बाजार एवं तरुण एजेंसी, सदर, बैतूल से आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं 17 जुलाई तक फार्म जमा करने का अनुरोध किया है।

### डिजिटल सेवाओं के सशक्तिकरण की दिखी झलक

**बैतूल।** देश के कोने-कोने में सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालकों के लिए बुधवार 16 जुलाई का दिन खास रहा। बैतूल में आयोजित सीएससी स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यशाला में डिजिटल सेवाओं की ताकत और उसकी पहुंच का जीवंत चित्रण देखने को मिला। जहां एक ओर सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की गई, वहीं दूसरी ओर उत्कृष्ट कार्य करने वाले संचालकों का सम्मान कर उनका हौसला भी बढ़ाया गया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मीटिंग भवन में एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीएससी के जिला प्रबंधक कमलेश रघुवंशी और विशाल झपाटे ने अतिथियों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से दी जा रही जनहितैषी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# रोजाना छा रहे बादल, लेकिन नहीं हो रही झमाझम बारिश

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 16 जुलाई. जिले में पिछले 4-5 दिनों से मानूसन रूठा हुआ है। बारिश नहीं हो रही है। बारिश हो भी रही है तो छुटपुट बारिश के बाद मौसम खुल जाता है।**

**बारिश थमने से बढ़ा अधिकतम तापमान**

**गर्मी और उमस से हलाकान हो रहे लोग**

वहीं दिन में सूरज की लुकाछिपी के बीच बादलों के छाने से गर्मी व उमस का असर भी देखने को मिला है। अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री और न्यूनतम 23.2 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों फिर जिले में बारिश का दौर जारी रहेगा। हालांकि बुधवार सुबह से सूरज निकला, इसके बाद बादलों ने डेरा जमा लिया। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि दो तीन दिनों में नया सिस्टम बनने के बाद जिले में फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। इस बार जुलाई के लगते ही लगातार बारिश का दौर जारी है। वहीं आषाढ़ माह में तो सावन के जैसी झड़ी देखने को मिली, लेकिन सावन माह के शुरू होते ही बारिश गायब हो गई। अब जो नया सिस्टम बनेगा उससे जिले में अच्छी बारिश के आसार हैं।

**नहीं हुई बारिश तो बढ़ जायेगी किसानों की चिंता :** आगामी दिनों में तेज बारिश नहीं होती है तो किसानों के लिए चिंता बढ़ जाएगी। किसानों को कुएं व अन्य स्त्रोत से फसलों को पानी देना होगा। हालांकि अभी खेतों में नमी बनी होने व रूक रूककर हो रही बारिश से फसलों पर संकट के बादल नहीं छाए हैं, लेकिन सप्ताहभर तक वर्षा का खेंच रही तो समस्या हो सकती हैं। ऐसे में किसानों को कुंए या अन्य स्त्रोतों से फसलों को पानी देना पड़े सकता है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल जिले में 4 लाख 43 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल की बुआई का रकबा तय किया है। इसके विरूद्ध अब तक 97 प्रतिशत बोवनी हो चुकी है। किसानों का कहना है कि लगभग 4-5 दिनों से बारिश रूकी हुई है। बारिश हो भी रही है तो चंद मिनट बाद थम जाती है। ऐसे में अब फसलों को बारिश की आवश्यकता है।



### जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिमी

शहर में रोजाना बादल छा रहे हैं लेकिन बारिश नहीं हो रही है। भू-अभिलेख के अनुसार जिले में जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा जिले में अभी तक 355.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 274.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 16 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे तक 24 घंटों के दौरान 5.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 16 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे तक तहसील बैतूल में 0.4, घोड़ाडोंगरी में 11.0, चिचोली में6.4, शाहपुर में 10.2, मुलताई में 14.2, प्रभात पट्टन में 2.0, आमला में 2.0, भैंसदेही में 0.0, आठनेर में 2.1. तथा भीमपुर में 7.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### सतपुड़ा डैम के खुले हैं गेट, माचना के 6 गेटों पर लगाई प्लेटें

बारिश थमने के बाद सतपुड़ा बांध का जलस्तर 1430 फुट पर स्थिर किया जा रहा है। हालांकि डेम के गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात 1 गेट खुला था। जिसके बाद गेटो की संख्या 3 कर दी गई और फिर 5 गेट खोले गये। यह गेट दो-दो फीट खुले रहे। दोपहर बाद इन गेटो को एक-एक फीट कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जलाशय का जलस्तर निर्धारित सीमा के समीप पहुँच चुका था। जलाशय में अधिक जलभराव को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन कुछ गेट आंशिक रूप से खोल दिए हैं, जिससे अतिरिक्त पानी की निकासी की जा सके और नीचे के क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति न बने। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और नियमित निगरानी रखी जा रही है। वहीं माचना एनीकेट पर खुले गेटो पर भी प्लेटे लगाना शुरू कर दिया है। वर्तमान में माचना एनीकेट में 10 में से 6 गेट पर प्लेट लगाकर बंद कर दिया है, वहीं 4 गेट को कुछ फीट तक खुला रहा है और पानी रोका जा रहा है।

## कार्यक्रम : नर्मदापुरम आईजी पहुंचे बैतूल बाजार के सांदीपनि स्कूल

**बैतूल। प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को बैतूल बाजार स्थित सांदीपनी स्कूल में भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला शामिल हुए। दोपहर 2 बजे से आरंभ हुए इस आयोजन में स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल एन. झारिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत में नशे के कारण प्रतिवर्ष लगभग 15 करोड़ युवा प्रभावित होते हैं। बैतूल जिले में भी 1 जनवरी 2025 से अब तक 20 नारकोटिक्स प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 9 मामले गांजा और 11 मामले अफीम से संबंधित हैं। लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में की जा रही अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया है, जो वर्ष 2021 से संचालित थी। एसपी श्री झारिया ने बताया कि अफीम एक ऐसा मादक पदार्थ है जिससे अन्य अनेक घातक ड्रग्स बनाए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशे के प्रभाव में आकर 78 नाबालिग बच्चों ने अपराध किए हैं। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें, पढ़ाई में मन लगाएं और देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला ने भी बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और कहा कि यदि आपके आस-पास कोई व्यक्ति नशा करता है, तो उसे समझाइए और रोकिए। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों व जनप्रतिनिधियों को नशे से दूरी है जरूरी की शपथ भी दिलाई।

## चलती ट्रेन से नीचे गिरा युवक, दोनों पैर कटे

**बैतूल।** बैतूल रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा स्टेशन के आगे अंडरब्रिज के पास हुआ, जहां युवक के दोनों पैर ट्रेन से कट गए। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां हालत नाजुक बनी हुई है। घायल युवक धार जिले के अमझेरा गांव का रहने वाला है। जितेंद्र मंडलोई अपने बहनोई के साथ संघमित्रा एक्सप्रेस से घोड़ाडोंगरी से बैतूल आ रहा था। घटना के चश्मदीद और युवक के बहनोई प्रदीप चौधरी ने बताया कि हादसे के वक्त वे दोनों ट्रेन के गेट पर खड़े थे। जैसे ही ट्रेन बैतूल स्टेशन के पास धीमी हुई, किसी ने अचानक उन्हें पीछे से धक्का दिया। प्रदीप किसी तरह खुद को बचा पाए, लेकिन उनका साथी नीचे गिरकर ट्रेन की चपेट में आ गया। हालांकि घायल युवक ने बयान में कहा कि उसे याद नहीं कि धक्का दिया गया या वह खुद गिरा। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी प्रभारी रविश कुमार बल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक को आईसीयू में भर्ती किया गया है। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि यह हादसा था या किसी ने धक्का दिया।



## कावड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर तैयारी में जुटे युवा

**बैतूल।** श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा लगातार 5 वे वर्ष भी कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, कावड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति के दर्जन युवा पिछले एक माह से तैयारी में जुटे हुए हैं आगामी 21 जुलाई को खेडी ताप्ती से निकलने वाली इस कावड़ यात्रा का विभिन्न मार्गों पर स्वागत सत्कार भी किया जाना है, यात्रा का समापन विनोबा वार्ड स्थित शिव मंदिर में होगा। आयोजन में अधिक से अधिक श्रद्धालु शामिल हो सके इसके लिए नागरिकों और श्रद्धालुओं को इसमें शामिल होने के लिए समिति द्वारा आमंत्रण दिए जा रहे हैं। यह कावड़ यात्रा प्रात: 7 बजे खेड़ी ताप्ती से प्रारंभ होकर पूरे उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच विनोबा वार्ड स्थित श्री शिव मंदिर पहुंचेगी। कावड़ यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार 22 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक श्री शिव मंदिर विनोबा नगर में रूद्राभिषेक और महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है। श्री शिव मंदिर उत्सव समिति विनोबा नगर एवं श्री माता मंदिर समिति शंकर नगर बैतूल द्वारा समस्त नगरवासियों को कावड़ यात्रा एवं रूद्राभिषेक महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

## सुब्रतो मुखर्जी कप में टिकारी स्कूल उपविजेता

**बैतूल।** राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में संभाग नर्मदापुरम का प्रतिनिधित्व कर रही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकारी की बालिका वर्ग की टीम उपविजेता रही। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश शासन के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। फाइनल मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करने वाली टीम में पिंकी, सलोनी, तमन्ना, हर्षल, प्रियांशु, सरस्वती, मौसमी, प्रियंका, सुहाना, साधना, शारदा और आयुषी शामिल रहीं। इन सभी बालिकाओं ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और संभाग का नाम रोशन किया। टीम का प्रशिक्षण महिला कोच निकिता उइके और सह प्रशिक्षक कृष्णकांत उइके के मार्गदर्शन में हुआ। उनकी मेहनत और खिलाड़ियों की लगन का ही परिणाम रहा कि टीम राज्य स्तर तक पहुंची और उपविजेता बनी।विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार पाटिल ने उपविजेता बनने पर पूरी टीम को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र और उपविजेता ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य छात्राओं को भी खेलों में भाग लेने की प्रेरणा मिलेगी।




## अवैध कट्टे के साथ आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** आमला थाना पुलिस ने निमझिरी तिराहे से एक शातिर अपराधी को अवैध कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसपी निश्चल एन. झारिया के निर्देशन में चल रहे अवैध हथियार विरोधी अभियान के तहत की गई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आमला पुलिस को पता चला कि हसलपुर क्षेत्र के पास निमझिरी तिराहे पर एक संदिग्ध व्यक्ति किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम ताईखेड़ा निवासी पिंटू खातरकर (38) पिता रामदयाल खातरकर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान उसके पास से एक 315 बोर का अवैध देसी कट्टा बरामद किया। आमला थाने में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध क्रमांक 477/25 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से ही काफी लंबा है। मुलताई थाने में उसके खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और संभावित साथियों की जानकारी जुटा रही है।

## जर्जर भवनों को लेकर प्रशासन उदासीन

**भैंसदेही।** भैंसदेही में आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष पवन मनवर के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भैंसदेही नगर में कई भवन 70 वर्ष से पुराने हैं और जर्जर हो चुके हैं। इनके गिरने का खतरा बना हुआ है, लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। भैंसदेही के बस स्टैंड में मौजूद रैन बसेरा एवं सिविल लाइन के ऐसे भवन जो खंडहर के रूप में खड़े हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। शासन के जिम्मेदार अधिकारी इस खंडहर पड़े भवन की वास्तविकता से बखूबी परिचित हैं, लेकिन फिर भी शासन के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आप नेता पवन मनवर ने मांग की है कि इन जर्जर भवनों को तत्काल डिस्मेंटल किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर यह जर्जर भवन गिरते हैं तो भारी जान-माल की क्षति पहुंच सकती है। ज्ञापन सौंपने वालों में आप नेता पवन मनवर, सालिकराम राने, रवी सेलके, राहुल, गुलाब ऐवले, माखन आदि शामिल थे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि वह इन जर्जर भवनों को गिराने के लिए तत्काल कार्रवाई करे।



## 27 को जिला कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन

**बैतूल।** 27 जुलाई को वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की बैतूल जिला कार्यकारणी एवं आजीवन सदस्यों का सम्मेलन विजय भवन नगर पंचायत शाहपुर में आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में जिले भर के आजीवन सदस्य व समस्त वैश्य घटक शामिल होगें। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के वैश्य समाज समाज की ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है एवं समाज, जिले तथा राज्य का गौरव बढाया है। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष व अन्य अतिथिगण सम्मिलित होगें। सम्मान हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि रखने वाले समाज बंधुओं के विवरण आमंत्रित किए जाते हैं। शिक्षा (दसवी एवं बारहवी कक्षा में उच्च अंक प्राप्त किया हो) चिकित्सा, विधि एवं न्याय, प्रशासनिक सेवा, उद्यमिता एवं व्यापार ,कला, संगीत, साहित्य एवं संस्कृति, खेल, समाजसेवा, विज्ञान एवं तकनीक अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में योगदान दिया हो। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील वृहद वैश्य समाज से की गई है। अपीलकर्ताओं में प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल, संरक्षक बिरदीचंद पगारिया, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य तपन मोनू खंडेलवाल, जिला प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अखिलेश गोठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, महिला जिला अध्यक्ष अमिता गुप्ता, जिला महामंत्रीगण हेमंत पगारिया, संजय अग्रवाल पाथाखेडा, अनिल बांगड, रेखा शिवहरे तहसील अध्यक्ष देवेन्द्र जैन मुलताई, चिचोली नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा मालवीय, उपाध्यक्ष वर्षा आवलेकर, तहसील अध्यक्ष जितेन्द्र सूर्यवंशी, प्रभारी आशीष सोनी, रितेश मालवीय, उमेशे पेठे, शाहपुर तहसील अध्यक्ष विक्की नायक, प्रभारी अखिलेश जैन, प्रेमनारायण गुप्ता, श्रीनारायण गुप्ता, भौंरा संजय खंडेलवाल, आमला तहसील अध्यक्ष संजय साहू, पूर्व अध्यक्ष महेश साहू, जयदीप रूनवाल, राजु (राजकुमार) अग्रवाल, उषभ गोठी, मुकेश गुप्ता, हेमंत रॉका महिला ईकाई शाहपुर शिवानी साहू, श्रद्धा खंडेलवाल, विनीता गर्ग, नूतन लुहाडिया, अंजना खंडेलवाल, ममता खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल, भावना जैन आदि शामिल है।

**समाज की प्रतिभाओं तथा विशिष्ट अतिथियों का सम्मान**

**विजय भवन नगर पंचायत शाहपुर में होगा कार्यक्रम**

**निरीक्षण** | **कलेक्टर ने जेएच कॉलेज में बीएलओ प्रशिक्षण का किया निरीक्षण**

## बीएलओ प्रशिक्षण प्राप्त करें, त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जाए : कलेक्टर

**बैतूल। भारत निर्वाचन आयोग के नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार सभी बीएलओ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। मतदाता सूची तैयार करने, जरूरी दस्तावेजों को भरने और संकलन करने संबंधी बारीकियों को अच्छे से समझे।**



त्रुटिरहित और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करने के अपने दायित्व को तत्परता से निर्वहन करें। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री जेएच पीजी कॉलेज बैतूल में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल सभी बीएलओ से कहीं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया और सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे प्रमाणित और विश्वसनीय निर्वाचन प्रक्रिया भारत की हैं। जिसमें त्रुटिरहित मतदाता सूची की अहम भूमिका होती हैं। जिसे तैयार करने के दायित्वों को पहले भी आप सभी सफलता पूर्वक निभाया हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को तल्लीनता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए और मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के अंत में सभी बीएलओ एक दूसरे के साथ प्रश्न उत्तरी सेशन करें। जिससे सभी पहलू पर ध्यान आकर्षित हो सकें। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण मतदान केन्द्र क्रमांक 101 से 200 तक के बीएलओ के लिए प्रथम एवं द्वितीय बेंच के अंतर्गत आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार दाबड़े एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नागेश पवार, धनराज सूर्यवंशी, हीरेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम सोनकुसले, कमलेश लिल्होरे, चंद्र हुरमाड़े, अभय जोशी द्वारा बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रथम चरण में बीएलओ को संवैधानिक एवं विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई।

### निर्वाचन कार्य से संबंधित जानकारी से किया अवगत

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची शुद्धीकरण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम जोड़ने से वंचित न रहे एवं अपात्र मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई है, स्थानांतरण हो गया है, ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बीएलओ के कर्तव्य, एवं निर्वाचन कार्य से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों में निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर-घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक की जानकारी का सत्यापन करना, तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, फार्म-6, 7 व 8 एवं बीएलओ एप्प आदि के संबंध में बारीकियों से अवगत कराया गया।

## विद्यार्थियों ने ली नशा मुक्त जीवन की शपथ

**बैतूल।** जेएच महाविद्यालय बैतूल में बुधवार 16 जुलाई को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत एक व्यापक नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में किया गया, जबकि संयोजन की भूमिका क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सातनकर द्वारा किया गया। जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के नशों की जानकारी दी और बताया कि कैसे यह धीरे-धीरे व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पल्लवी दुबे ने विद्यार्थियों को नशे से बचने के व्यावहारिक उपाय समझाए और बताया कि कैसे सकारात्मक सोच, व्यायाम और आत्मनियंत्रण से नशे की आदतों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर गंज थाना प्रभारी सरविंद धुर्वे अपनी टीम के साथ मौजूद रहे और उन्होंने छात्रों को नशे से जुड़ी कानूनी जटिलताओं, सामाजिक नुकसान और पारिवारिक संकटों की गहन जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को सचेत करते हुए कहा कि शुरुआत में मस्ती के नाम पर किया गया कोई भी गलत कदम, जीवन को बर्बादी की ओर ले जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. गीता माली, डॉ. पंकज बारस्कर, प्रो. दीपिका साहू, डॉ. दीपक मानकर, डॉ. शिवदयाल साहू, खुशी पारखे, कशिश धाडसे और रंजीत कास्दे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

